# एसोचैम ने अफसरों के साथ की व्यापार पर चर्चा

लखनऊ। एसोचैम यूपी ने भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों के साथ मिलकर बुधवार को एक निजी होटल में बैठक का आयोजन किया। इसमें एसोचैम ने आरपीओ, दिल्ली सुरेंद्र के अधाना, विदेश मंत्रालय के उप सचिव (सीपीवी) पीयूष वर्मा व विदेश मंत्रालय के उप सचिव मनोज कुमार और नरेश कुमार, उप सचिव (जीईएम) व आईएएस अभिषेक प्रकाश के साथ चर्चा की। राज्य में व्यापारिक समुदाय को समझने के लिए आईएफएस अधिकारी तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इस मौके पर एसोचैम यूपी के सीईओ आरके शरण ने एक प्रस्ताव पेश किया। कार्यक्रम में ट्रांसफार्मर निर्माता रजनीश चोपड़ा, इकाना स्टेडियम के मालिक संजय सिन्हा, निर्यातक विनीत गुप्ता, सुजीत सिंह, ऋषि राहुल, शैलेंद्र जैन, एसोचैम के पूर्व अध्यक्ष यूपी वीरेंद्र नाथ गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे। (संवाद)